मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-429
02/07/2026

मेट्रो सेवा के विस्तार से सड़क यातायात का दबाव कम होगा, यात्रा समय में कमी आएगी तथा प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा :– मुख्यमंत्री

मुख्य बिंदु :–

- मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो रेल परियोजना प्रायोरिटी कॉरिडोर के अंतर्गत मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन करते हुए मेट्रो रेल सेवा के विस्तारीकरण का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री ने मेट्रो सेवाओं को सुगम बनाने के लिये पटना मेट्रो प्री–पेड स्मार्ट कार्ड की शुरूआत की।
- मलाही पकड़ी स्टेशन के शुरू होने से पूर्वी पटना के लाखों नागरिकों को तेज, सुगम एवं सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा।
- तेज गति से कार्य करते हुये निर्धारित समय–सीमा के अंदर पटना मेट्रो परियोजना को पूर्ण करना है।

पटना 02 जुलाई 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने आज पटना मेट्रो रेल परियोजना प्रायोरिटी कॉरिडोर के अंतर्गत मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन करते हुए मेट्रो रेल सेवा के विस्तारीकरण का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण भी किया और वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मेट्रो सेवाओं को सुगम बनाने के लिये पटना मेट्रो प्री–पेड स्मार्ट कार्ड की शुरूआत की। प्री–पेड स्मार्ट कार्ड के जरिये यात्रियों को बार–बार टिकट खरीदने के लिये लाइन में लगने से छुटकारा मिलेगा और वे आसानी के साथ डिजिटल तरीके से यात्रा कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने पटना मेट्रो प्री–पेड स्मार्ट कार्ड लेकर मलाही पकड़ी मेट्रो स्टेशन से भूतनाथ मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो रेल से सफर किया। इस दौरान राज्य के शहरी परिवहन क्षेत्र के लिये इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि आधुनिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण–अनुकूल सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मलाही पकड़ी स्टेशन के शुरू होने से पूर्वी पटना के लाखों नागरिकों को तेज, सुगम एवं सुविधाजनक आवागमन का लाभ मिलेगा। मेट्रो सेवा के विस्तार से सड़क यातायात का दबाव कम होगा, यात्रा समय में कमी आएगी तथा प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तेज गति से कार्य करते हुये निर्धारित समय–सीमा के अंदर पटना मेट्रो परियोजना को पूर्ण करना है। सरकार का लक्ष्य राजधानी में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करना है, जिससे आम नागरिकों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों एवं व्यापारियों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री नीतीश मिश्रा, विधायक श्री संजय कुमार, विधान पार्षद श्री संजय सिंह, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री विनय कुमार, पटना मेट्रो रेल निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री संदीप कुमार आर0 पुडकलकट्टी, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री जितेन्द्र राणा, जिलाधिकारी श्री कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पटना मेट्रो रेल परियोजना के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

******